Arbitration वाद सं0–70 / 2019

श्री गोपेश चौधरी

बनाम

राज्य सरकार एवं अन्य

आदेश / अवार्ड

अनुसूची 14–फारम सं0–563

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख के साथ
1	2	3
11.04.2023	प्रस्तुत Arbitration वाद गोपेश चौधरी, पिता–स्व0 शोभित चौधरी, ग्रा0+पो0–बरी बेहटा, अंचल–पुपड़ी, जिला–सीतामढ़ी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग सं0– 527 C अन्तर्गत अधिग्रहित जमीन (खाता सं0–804 खेसरा सं0–1779) के उचित मुआवजा का भुगतान नहीं किये जाने के विरूद्व दायर किया गया है। दिनांक–18.03.2023 को जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सीतामढ़ी एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के विद्वान अधिवक्ता से प्राप्त प्रतिवेदन वादी को हस्तगत कराया गया तत्पश्चात् सुनवाई प्रारंभ की गयी। वादी के विद्वान अधिवक्ता के अनुसार अधिग्रहित की जा रही भूमि में .075 हे0 वादी का है एवं .083 हे0 उनका माता मु0 अगरी देवी, पति–स्व0 शोभित चौधरी द्वारा क्रय की गई है। उनका (वादी) दावा है कि अधिग्रहित भूमि का मुआवजा रू0–8,800 / – प्रति डी0 के हिसाब से दिया गया है, जो कि अधिसूचना प्रकाशन के समय प्रचलित बाजार मूल्य रू0–40,000 / – डी0 से काफी कम है। उनका (वादी) यह भी दावा है कि प्रश्नगत भूमि चेरौत–पुपड़ी मुख्य सड़क के किनारे अवस्थित है, जिसका बिहार सरकार के द्वारा निर्धारित सर्किल रेट रू0–40,000 / – डी0 है, जिस आधार पर उन्हें (वादी) मुआवजा का भुगतान किया जाना चाहिए। दिनांक–18.03.2023 को सुनवाई के दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के विद्वान अधिवक्ता ने लिखित	

WEB COPY NOT OFFICIAL

	अभिकथन समर्पित करते हुए उल्लेख किया है कि NHAI Act-1956 की धारा–3G (5) के अधीन वादी द्वारा समर्पित वाद पत्र स्वीकार योग्य नहीं है क्योंकि यह मुआवजा राशि के निर्धारण के बजाये जमीन के वर्गीकरण से संबंधित है। सक्षम प्राधिकार–सह–जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सीतामढ़ी द्वारा वादी के वाद पत्र के प्रत्युत्तर में अपने कार्यालय पत्रांक–267 दिनांक–16.03.2023 द्वारा प्रतिवेदन समर्पित किया गया है कि ग्राम भीठ्ठा धरमपुर 3A अधिसूचना का प्रकाशन दिनांक–18.02.2017 को किया गया जिसके 21 दिनों के अंदर हितबद्व व्यक्तियों को आपत्ति देने का अवसर था, परन्तु वादी के द्वारा भूमि के किस्म के प्रति कोई आपत्ति समर्पित नहीं की गई। अधिग्रहित भूमि का 3D गजट प्रकाशन के अनुरूप वर्ग–02, धनहर–02 के आधार पर मूल्यांकन कर मुआवजा का भुगतान किया गया है। वादीं के विद्वान अधिवक्ता, NHAI के विद्वान अधिवक्ता, DLAO, सीतामढ़ी को सुनने एवं वाद अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि वादी का मुख्य दावा भूमि के प्रकृति के आधार पर मूल्यांकन कर मुआवजा भुगतान से संबंधित है। इस संबंध में उल्लेखनीय है कि जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सीतामढ़ी ने अपने पत्रांक–264 दिनांक–16.03.2023 द्वारा यह स्वीकार किया है कि अधिग्रहित भूमि का 3D गजट प्रकाशन के अनुरूप धनहर–02 मानते हुए भूमि का मूल्यांकन किया गया है। इस संबंध में यह उल्लेखनीय है कि Ministry of Road transport and highways, Government of India के पत्रांक–NH-11011/30/2015-LA दिनांक–28.12.2017 के अनुसार भूमि की प्रकृति 3A अधिसूचना के आधार पर निर्धारित की जाती हैं, जिसका राजस्व अभिलेख खतियान होता है। साथ ही इस संबंध में MORTH के पत्रांक– NH-11011/30/2015-LA दिनांक–28.12.2017 के कंडिका–10 (iii) में उल्लेखित प्रावधान है:– **“Certain undesirable practices have come to notice of the Central Government. These include change**	

WEB COPY NOT OFFICIAL

in the nature of land or adoption of incorrect classification of land for determination of market value of land. it may be noted that the nature of land has to be taken as recorded in the revenue records on the day of publication of section-3A notification. for instance, if some landowner/interested person has raised a factory building or a commercial building upon the land under acquisition without obtaining the "Change in Land use" from the competent authority prescribed by the State Government, he/she cannot take the benefit of treatment of such land as industrial" or "commercial”.

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर वादी को मुआवजा का भुगतान किया गया है, जो नियमानुकूल है।

अतएव जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सीतामढ़ी द्वारा भुगतान संबंधी पारित आदेश में हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं पाते हुए प्रस्तुत वाद अस्वीकृत किया जाता है।

लेखापित एवं संशोधित

आर्बिट्रेटर–सह–आयुक्त
तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर।

आर्बिट्रेटर–सह–आयुक्त
तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर।

WEB COPY NOT OFFICIAL

WEB COPY NOT OFFICIAL